उद्यमी मित्रों का दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ

- ***मा. मुख्यमंत्री के सलाहकार, श्री अरविंद कुमार एवं इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्री अभिषेक प्रकाश ने मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया***
- ***26 प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विभिन्न निवेशोन्मुख नीतियों, नियमों का परिचय, ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस और विभिन्न पोर्टलों के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्रों का दौरा भी शामिल है***
- ***माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने निवेश प्रस्तावों के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए उद्यमी मित्रों की भर्ती के निर्देश जारी किए थे***

लखनऊ, 29 मई, 2023:

उत्तर प्रदेश में निवेश परियोजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, राज्य सरकार ने आज यहां पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान में मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

माननीय मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री अरविंद कुमार एवं इन्वेस्ट यूपी के सीईओ श्री अभिषेक प्रकाश ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

आज से आंरभ हो रहे इस प्रशिक्षण की अवधि 14 दिन है। इस अवधि के दौरान 26 प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विभिन्न निवेशोन्मुख नीतियों, नियमों, ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस और विभिन्न पोर्टलों की जानकारी के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्रों की यात्रा शामिल है। विभाग-वार सत्र निर्धारित किए गए हैं, जिसमें राज्य सरकार की प्रमुख परियोजनाएं जैसे ट्रिलियन-डॉलर अर्थव्यवस्था का विकास, डिफेंस कॉरिडोर के साथ-साथ राजस्व संहिता, लैंड बैंक एवं भूमि की दरें, आवंटन प्रक्रियाएं, स्वीकृतियों आदि पर सत्र शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि **माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ** ने यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 और उसके बाद राज्य सरकार को प्राप्त 33 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए उद्यमी मित्रों की भर्ती के निर्देश जारी किए थे।

प्रारंभिक सत्र में **श्री अरविंद कुमार** ने नव चयनित उद्यमी मित्रों को राज्य सरकार द्वारा विकसित किए जा रहे व्यापक इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने और सुविधा प्रदान करने के लिए घोषित विभिन्न सुधारों और नीतियों से अवगत कराया। उन्होंने मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क, फार्मा पार्क, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और डिफेंस कॉरिडोर के छह नोड्स जैसी आगामी प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया।

श्री अरविंद कुमार ने फरवरी-2023 में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद अंतर्राष्ट्रीय एवं घरेलू रोड शो के सफल आयोजन तथा निवेशक सुविधा के लिए विकसित किए गए समर्पित पोर्टल्स, जैसे- सिंगल विंडो निवेश मित्र पोर्टल, निवेशक संबंध प्रबंधन प्रणाली - निवेश सारथी पोर्टल, ऑनलाइन प्रोत्साहन प्रबंधन प्रणाली के विषय में बताया।

इन्वेस्ट यूपी (यूपी सरकार की निवेश प्रोत्साहन और सुविधा एजेंसी) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) **श्री अभिषेक प्रकाश** ने उत्तर प्रदेश शासन की संरचना, संवैधानिक संरचना, विधानमंडल, सचिवालय और जिला एवं मंडल प्रशासन पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। **उन्होंने कहा** कि उद्यमी मित्रों को जिलों में तैनात किया जाएगा, जहां वे जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त को रिपोर्ट करेंगे। उन्होंने सचिवालय में अधिकारियों के पदानुक्रम के बारे में भी बताया कि मुख्य सचिव द्वारा कार्यपालिका के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के प्रमुख अपर मुख्य सचिवों/प्रमुख सचिवों द्वारा किस प्रकार कार्य किया जाता है।

प्रशिक्षण के बाद, उत्तर प्रदेश सरकार जमीनी स्तर पर निवेशकों के सामने आने वाली समस्यों के निवारण के लिए उद्यमी मित्रों को इन्वेस्ट यूपी कार्यालय, जिला मुख्यालय और औद्योगिक प्राधिकरणों में तैनात करेगी।